Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take steps for promotion of jheenga (fish) farming in Sirsa and Fatehabad districts, Haryanan-laid.

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा)**:** मैं माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि मेरी सिरसा लोकसभा क्षेत्र (हरियाणा) के अंतर्गत सिरसा व फतेहाबाद जिले के अधिकतर हिस्से में खारा पानी है जो कि झींगा मछली पालन के लिए अति उपयुक्त है । माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे है । मेरे संसदीय क्षेत्र में सेम की काफी समस्या है जिस कारण कई भूमि मालिक भूमिहीन जैसे हो गए है । अगर केंद्र सरकार इन दोनों जिलों को झींगा मछली पालन हेतु विशेष दर्जा देती है और यहां विशेष मत्स्य यूनिट स्थापित करती है तो न सिर्फ किसानों की आय में वृद्धि होगी अपितु जमीन का भी उपयोग हो सकेगा । मेरा सरकार से अनुरोध है कि किसानों की वितीय सहायता के लिए विशेष स्कीम लागू की जाए ।